अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में गत 23 मार्च 2023 से चल रहे सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के सातवें में अंतिम दिन भी स्वयंसेवकों ने शिविर की शुरुआत योग से की। शिविर में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत जी की प्रेरणा से शिविर की थीम भारतीय युवा : चरित्र, व्यक्तित्व, एवं स्वावलंबन को सत्य व सार्थक बनाने के लिए सभी गतिविधियां कराई गईं। आज शिविर में खेलकूद की 800 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़ व शॉट पुट की स्पर्धाओं का आयोजन महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षक डॉ० जगबीर सिंह व श्री मोहित हुड्डा द्वारा कराया गया जिनमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व अपना दम दिखाया। समापन व पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सुरेश कुमार गुप्ता (मुख्य प्रबंध निदेशक, गोल्डन ग्रुप ऑफ़ कंपनीज, जनहितैषी, प्रेरक वक्ता व व्यवसाय गुरु) ने अपने वक्तव्य में सर्वप्रथम गुरुओं को नमन किया क्योंकि गुरु ही आपको सफलता के शिखर तक ले जाते हैं, और स्वयंसेवकों को प्रेरित किया कि वे कभी महिलाओं के खिलाफ अत्याचार नहीं होने दें। उन्होंने विभिन्न बीमारियों जैसे कैंसर, अपंगता और कई बड़ी बीमारियों के नि:शुल्क इलाज के लिए सभी को आश्वासन दिया। महाविद्यालय उपप्राचार्या श्रीमति कमल टंडन जी ने स्टेट एनएसएस कार्यालय व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक का शिविर की जिम्मेदारी के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया, उन्होंने कहा शिविर का लक्ष्य स्वयंसेवकों में दूसरों की मदद का जज्बा व सकारात्मकता जगाना है। शिविर के समापन समारोह के सम्मानित अतिथि के रूप में डॉ० महावीर गुड्डू जी ने बताया कैसे सुविधाओं के अभाव का सामना करते हुए अमेरिका से पी.एच.डी हासिल की और राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गीत गाए इससे पता चलता है कि कभी सुविधाओं का अभाव किसी को लक्ष्य प्राप्त करने में बाधा नहीं बन सकता। उन्होंने 1857 के क्रांतिकारी, बल्लबगढ़ के राजा नाहर सिंह जिनको दिल्ली चांदनी चौक पर फांसी दी थी, कि वीर गाथा गीत के माध्यम से सुनाई। चेयरपर्सन के रूप में प्रोफेसर डॉ० राज कुमार (डीन छात्र कल्याण व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक) ने अपने वक्तव्य में कहा की हमें अपनी आंतरिक शक्ति को जानना होगा और हमें अपने लक्ष्य व अपने स्वपन को पूरा करने के लिए सफलता प्राप्त

करने वाले व हारने वाले दोनों के विचार सुनने चाहिएं क्योंकि सफ़लता प्राप्त करने वाला हमें बताएगा की हमें सफलता प्राप्त करने के लिए क्या करना चाहिए और हारने वाला बताएगा की हमें हार से बचने के लिए क्या नहीं करना चाहिए । शिविर के 7 दिनों में स्वयंसेवकों ने पुरुषों व महिलाओं की समानता, नशा मुक्ति के लिए शपथ, कौशल समावेश, बौद्धिक स्वास्थ्य यातायात जागरूकता पर्यावरण जागरूकता व समाज में चल रही संवेदनशील सामाजिक बुराइयों की चर्चा की ताकि स्वयंसेवकों के समाज को इन बुराइयों के समापन के लिए जागरूक किया जा सके गौरतलब है कि शिविर में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले 10 महाविद्यालयों के 133 स्वयंसेवकों भाग लिया और यह सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर प्रांत राष्ट्रीय सेवा योजना पंचकूला द्वारा प्रायोजित था, यह अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के द्वारा 23 मार्च से 29 मार्च 2023 तक चलाया गया, समापन सत्र में मंच का कुशल संचालन डॉ० सुप्रिया ढांडा (एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ईकाई-I) ने किया । महाविद्यालय शिविर के समग्र प्रभारी डॉ. अशोक कुमार निराला जी ने उपस्थित अतिथियों व स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया । इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी समाजसेवी श्री कुलभूषण जैन, डॉ० शोभना गोयल, श्री सुभाष कैलोरिया, श्री लवकेश, श्री मनमोहन सिंगला, श्री सौरभ गुप्ता आदि उपस्थित रहे ।